<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 19.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने संभाला पदभार, कहा– राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम है मतदान, सभी नागरिक को मतदाता बनना चाहिए।**
2. **राज्य प्रौद्योगिकी पार्क को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में उद्योग सम्मेलन का किया शुभारंभ, तकनीक के क्षेत्र में नवाचार पर दिया जोर।**
3. **छह करोड़ रुपये से अधिक के एनआरएचम घोटाले के आरोपी धनबाद के प्रमोद सिंह को ईडी ने किया गिरफ्तार, कोर्ट ने तीन दिनों का दिया रिमांड।**
4. **गिरिडीह में दो अलग–अलग सड़क हादसों में बैंक मैनेजर समेत आठ लोगों की मौत, एक गंभीर रुप से घायल, हजारीबाग में चल रहा है इलाज।**
5. **हजारीबाग में आयोजित झारखंड राज्य बैडमिंटन चौंपियनशिप में डे बोर्डिंग रांची में कार्यरत बैडमिंटन प्रशिक्षक संजू कुमार ने जीता तिहरा खिताब।**

*******************

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। श्री कुमार ने इस पद पर राजीव कुमार का स्थान लिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए। जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है उन्हें हमेशा मतदान करना चाहिए।

इससे पहले, श्री कुमार 15 मार्च, 2024 से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, 18वीं लोकसभा और जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली की विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए।

*******************

राज्य प्रौद्योगिकी पार्क को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में आज उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ किया। यह सम्मेलन दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान तकनीक के क्षेत्र में नवाचार पर जोर दिया गया। मौके पर झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति डीके सिंह, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अजीत कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग भाग ले रहे हैं।

*******************

नेशनल रुरल हेल्थ मिशन– एनआरएचएम घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रमोद कुमार सिंह धनबाद के रहने वाले हैं। एनआरएचएम में हुए जिस घोटाला मामले में ईडी ने प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है, वह 6 करोड़ रुपये से अधिक का है।

प्रमोद कुमार को गिरफ्तार करने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें रांची पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया। इडी ने कोर्ट से प्रमोद को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत मांगी, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है।

*******************

गिरिडीह में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि पहला हादसा जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के लटकटो जंगल के पास कल रात हुआ, जहां एक बाइक और स्कॉर्पियो के बीच हुई टक्कर में दोनों वाहनों में सवार 6 लोगों की मौत हो गयी। इनमें केनरा बैंक की इसरी बाजार शाखा के मैनेजर भी शामिल हैं। दूसरी घटना बगोदर के पास हुई, जहां एक बाइक असंतुलित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयी। इससे बाइक पर सवार बिहारो गांव के दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया, जिनका इलाज हजारीबाग में चल रहा है।

*******************

महान मराठा योद्धा–राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की आजं जयंती मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी और पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि शिवाजी महाराज नागरिकों को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

*******************

खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत डोड़मा पंचायत की मुखिया अगाथा भेंगरा ने अपने कार्यों से मिसाल पेश की है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

*******************

मौसम विभाग ने रांची, सरायकेला और सिंहभूम समेत राज्य के 12 जिलों में अगले चार दिन गरज के साथ बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि 20 और 21 फरवरी को राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी भागों में और 22 फरवरी को पूरे राज्य में बारिश होने की संभावना है।

*******************

हजारीबाग में आयोजित झारखंड राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप में डे बोर्डिंग रांची में कार्यरत बैडमिंटन प्रशिक्षक संजू कुमार ने तिहरा खिताब हासिल किया है। प्रतियोगिता में संजू कुमार ने राहुल कुमार को हराकर सिंगल्स का खिताब हासिल किया। डब्ल्स में भी संजू ने मनोज तिवारी के साथ मिलकर सौरभ कुमार और अभिनव राव की जोड़ी को हराया। बाद में उन्होंने मिक्सड डबल्स का भी खिताब हासिल किया। उधर महिलाओं के सिंगल्स स्पर्द्धा में रांची की सरला मुर्मू ने शालिनी शर्मा को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

*******************

आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू हो रहा है। पहले मैच में आज कराची में पाकिस्तान का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। ये मैच भारतीय समय के अनुसार दिन में ढाई बजे से खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम कल दुबई में बांग्लादेश के साथ अपना अभियान शुरू करेगी। इस टूर्नामेंट में एकदिवसीय क्रिकेट की श्रेष्ठ आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 9 मार्च को होगा। ग्रुप ए में भारत के साथ न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और बांग्लादेश हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शामिल हैं। पाकिस्तान ने पिछला चैंपियन्स ट्राफी टूर्नामेंट वर्ष 2017 में भारत को हराकर जीता था।

*******समाप्त********